# हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार।

पत्रांकः 1827/अभि01(क)–19/2024–25 दिनांक 12/08/2024

## अल्पकालिक ई–निविदा सूचनाः–

उपाध्यक्ष, हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार द्वारा किसी भी राजकीय/अर्द्धशासकीय/पी0एस0यू0 विभाग/संस्था में पंजीकृत/अनुभवी फर्म/ठेकेदार से जो आयकर एवं जी0एस0टी0 के अन्तर्गत पंजीकृत हों से उल्लेखित 02 कार्यों हेतु अल्पकालिक ई–निविदा दिनांक 20.08.2024 को अपरान्ह् 3:00 बजे तक अल्पकालिक ई–टेण्डर वेबसाईट www.uktenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य के पहले तकनीकी बिड जो उसी दिन अपरान्ह् 3:00 बजे के बाद निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी तथा तकनीकी बिड़ में सफल निविदादाताओं की वित्तीय बिड़ तकनीकी मूल्यांकन उपरान्त खोली जायेगी, जिसके संबंध में पृथक से वेबसाइट के माध्यम से सूचित किया जायेगा। इच्छुक फर्म/ठेकेदार उल्लेखित 02 कार्यों की निविदा मूल्य की धनराशि का डी0डी0 (डिमाण्ड ड्राफ्ट) अधिशासी अभियन्ता, हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार के पक्ष में देय होगी तथा धरोहर राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0/बैंकर्स चेक/बैंक गारण्टी के रूप में होगी, जो अधिशासी अभियन्ता, हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार के नाम 90 दिनों तक बन्धक हो निविदा खोलने से पूर्व मूल रूप में हार्ड कॉपी प्राधिकरण के अधिशासी अभियन्ता कार्यालय में रखे सील बन्द निविदा बॉक्स में डाली जायेगी, जिसको ई–निविदा वेबसाईड www.uktenders.gov.in पर निर्धारित तिथि व समय तक निविदा प्रस्ताव के साथ स्केन कर अपलोड भी कराना होगा। कार्य संबंधी विवरण तथा शर्ते निम्नवत् हैः–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य अनुमानित लागत जी0एस0टी0 सहित (लाख में) | धरोहर राशि (रू0 में) | निविदा मूल्य (रू0 में) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | प्राधिकरण स्टेडियम में जल निकासी विकसित किये जाने का कार्य/प्राधिकरण स्टेडियम के उत्तर, पश्चिम दिशा आदि में सुरक्षा दीवार निर्माण/राईजिग/चेन लिंकिग आदि का कार्य। | 112.59 | 2,15,829.00 | 5900.00 | 03 माह |
| 02 | प्राधिकरण स्टेडियम में 08 अतिरिक्त क्रिकेट पिचों का निर्माण/विकास कार्य। | 39.87 | 1,05,000.00 | 3070.00 | 03 माह |

अधिशासी अभियन्ता,
हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण,
हरिद्वार।

## निविदा की महत्वपूर्ण तिथिः–

सभी निविदादाता निम्न निर्देशों का भली प्रकार अध्ययन कर लें ताकि उनकी निविदाओं का निस्तारण करने में कोई विवाद न हो। निविदा दो निविदाओं वाली प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय) के रूप में आंमत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा की Key Date निम्नानुसार है:–

| | | |
|---|---|---|
| Publishing date | : | 13-08-2024 |
| Documents Download start date | : | 13-08-2024 |
| Bid Submission start date | : | 13-08-2024 |
| Bid Submission end date | : | 20-08-2024 Till 3:00 PM |
| Technical bid opening date | : | 20-08-2024 After 3:00 PM |
| Financial bid Opening date | : | ....After Technical bid approved |

अधिशासी अभियन्ता
हरिद्वार-रूड़की विकास प्राधिकरण
हरिद्वार

**फर्म/ठेकेदार द्वारा कार्य हेतु प्रस्तुत तकनीकी शर्तेः–**

1. फर्म/ठेकेदार के पास बोर्ड ऑफ कन्ट्रोल फार क्रिकेट इन इण्डिया (बी0सी0सी0आई0) द्वारा मान्यता प्राप्त खेल मैदानों के निर्माण/विकास/पुनरोद्धार कार्यानुभव प्रस्तुत / संलग्न करना होगा।
2. कार्यानुभव के अन्तर्गत निविदा लागत के 80 प्रतिशत की धनराशि (जी0एस0टी0 सहित) का कम से कम एक कार्य का अनुबन्ध अथवा निविदा लागत के 50–50 प्रतिशत धनराशि के दो कार्य अनुबन्ध अथवा 40–40 प्रतिशत से अधिक धनराशि के तीन कार्य अनुबन्धों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया हो, जिनका Work Done Completion Certificate प्रस्तुत/संलग्न करना होगा।
3. प्रस्तुत/संलग्न किये जाने वाले कार्यानुभव क्रिकेट मैदानों का विवरण बी0सी0 सी0आई0 प्रमाणित सूची में उल्लिखित होना अनिवार्य है।
4. क्रिकेट पिच से सम्बन्धित कार्यों हेतु बी0सी0सी0आई0 प्रशिक्षित पिच क्यूरेटर के साथ उत्तराखण्ड राज्य के स्टाम्प प्रपत्र रू0–10/– पर अनुबन्ध पत्र प्रस्तुत करना होगा।
5. पैन कार्ड तथा जी0एस0टी0 पंजीकरण की प्रति प्रस्तुत/संलग्न करना होगा।
6. धरोहर धनराशि जो कि अधिशासी अभियन्ता, हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार के पक्ष में निर्धारित धनराशि डिमाण्ड ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0/बैंकर्स चेक/बैंक गारण्टी, जिसकी वैधता निविदा की अंतिम वैध अवधि के पश्चात की होनी चाहिये, जिसमें समयावृद्धि की जा सकती है।
7. फर्म/ठेकेदार द्वारा ब्लैक लिस्टेड न होने का शपथ पत्र के साथ–साथ अपलोड/जमा किये जा रहे दस्तावेजों का सत्यापन संबंधी शपथ पत्र रू0–100.00 के स्टाम्प पेपर पर देना होगा।
8. निविदादाताओं द्वारा निविदा मूल्य रू0–3,070.00 का डिमाण्ड ड्राफ्ट (डी0डी0) अधिशासी अभियन्ता, हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण के पक्ष में (NON REFUNDABLE) तथा धरोहर राशि रू0–1,05,000.00 अधिशासी अभियन्ता, ह0रू0वि0प्रा0 के पक्ष में हार्डकॉपी सील बन्द लिफाफे में सम्पूर्ण विवरण, जैसेः–नाम, पता, निविदा आई0डी0 कमांक, ई–मेल आई0डी व व्हाट्सएप नं0 स्पष्ट रूप से अंकित करना होगा। निविदा खोले जाने से पूर्व दिनांक 20/08/2024 में अपरान्ह 3:00 बजे तक ही अधिशासी अभियन्ता कार्यालय में रखे सील बन्द निविदा बॉक्स में अनिवार्य रूप से डाली जायेगी। जिन निविदादाताओं द्वारा निविदा मूल्य व धरोहर राशि की हार्डकॉपी निविदा बॉक्स में डाली जायेगी, उन्हीं निविदादाताओं की तकनीकी निविदा खोली जायेगी। निविदादाता द्वारा निविदा मूल्य तथा धरोहर राशि की हार्डकॉपी सील बन्द निविदा बॉक्स में प्राप्त न होने पर ई–टेण्डर वेबसाईट www.uktenders.gov.in पर अपलोड निविदादाता की निविदा निरस्त समझी जायेगी।
9. वित्तीय वर्ष 2021–22, 2022–23, 2023–24 का आयकर विवरण प्रस्तुत/संलग्न करना होगा।
10. निविदा की वैधता 90 दिनों (03 माह) तक मान्य हेतु फर्म/ठेकेदार को उत्तराखण्ड राज्य के रू0–100.00 के स्टाम्प प्रपत्र पर उल्लिखित करते हुए प्रस्तुत करना होगा।
11. निविदादाता को सी0ए0 द्वारा सत्यापित पिछले 03 वित्तीय वर्ष 2020–21, 2021–22, 2022–23 का टर्नओवर पृथक शीट में संलग्न करना होगा। उक्त तीनों वर्षों का औसत टर्नओवर निविदा लागत के 100 प्रतिशत के बराबर/अधिक होना चाहिये।
12. फर्म/ठेकेदार का विवरण, जैसेः–नाम, पता, निविदा आई0डी0 कमांक, ई–मेल आई0डी व व्हाट्सएप नं0 स्पष्ट रूप से लेटर हेड पर प्रस्तुत करना होगा।

अधिशासी अभियन्ता
हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण,
हरिद्वार

13.सफल/न्यूनतम वित्तीय निविदादाता द्वारा कार्य अनुबन्ध हेतु उत्तराखण्ड राज्य के 100+100 का स्टाम्प प्रपत्र तथा परफोरमेंस गारन्टी/अतिरिक्त परफोरमेंस गारन्टी एफ0डी0आर0 के रूप में शासनादेश संख्या–6447 दिनांक 02.01.2013 के तहत् जमा करनी होगी।

14. निविदादाता को निविदा मूल्य की डी0डी0 व धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 सील बन्द लिफाफे में बन्द कर जमा कराना अनिवार्य है। लिफाफे के बाहर कार्य का नाम, कार्य का टेण्डर आई0डी0 संख्या, फर्म/ठेकेदार का नाम स्पष्ट रूप से अंकित करना अनिवार्य होगा।

15.फर्म/ठेकेदार के रंनिग बिल/अंन्तिम बिल से नियमानुसार आयकर, जी0एस0टी0, लैबर सेस, जमानत धनराशि आदि की कटौती की जायेगी।

16.कार्यादेश निर्गत होने के उपरान्त कार्य को निर्धारित अवधि में मानकों एवं विशिष्टियों के अनुसार पूर्ण कराना होगा। निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण न किये जाने की दशा में नियमानुसार जुर्माना/पैनाल्टी/विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

17.प्राधिकरण द्वारा उपरोक्त वर्णित कार्य हेतु समस्त भुगतान मूल्यांकन एवं सत्यापन उपरान्त ही किया जायेगा। इंजीनियर–इन–चार्ज के निर्देशों के कम में स्थलानुसार कार्य की मात्राओं में घटौतरी/बढ़ौतरी, जो भी सम्भव हो कराया जायेगा, जो कि कार्यदायी फर्म/ठेकेदार को मान्य होगा।

18.उपरोक्त समस्त निविदाओं को स्वीकृति/निरस्त करने का सर्वाधिकार बिना कारण बताये उपाध्यक्ष, हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार को निहित है।

19.समस्त निर्धारित/उल्लेखित शर्तो का पालन न करने की दशा में तथा किसी सूचना को छुपाये जाने की दशा में किसी भी समय निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

20.प्रत्येक निविदादाता को एक कार्य के लिये एक ही निविदा डालने का अधिकार होगा। एक से अधिक निविदा डालने पर निविदादाता को अयोग्य घोषित किया जायेगा।

21.असफल निविदादाता की धरोहर राशि प्रार्थना पत्र प्राप्त होने के 01 माह के भीतर अवमुक्त की जायेगी।

22.निविदादाता को निविदा संबंधित समस्त दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर तकनीकी निविदा के साथ अपलोड किये जाने अनिवार्य है।

23. निविदा की गुणवत्ता से समझौता किये बिना निविदादाता की प्रपत्र सम्बन्धी किसी भी कमी को इग्नोर करने का अधिकार निविदा समिति का होगा।

24.किसी भी वाद–विवाद की स्थिति में उपाध्यक्ष, हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार का निर्णय मान्य होगा असहमति की दशा में न्यायिक क्षेत्र जनपद–हरिद्वार रहेगा।

25. किसी भी प्रपत्र के निर्णय के सम्बन्ध में उत्तराखण्ड सरकार द्वारा निर्गत शासनादेशों तथा उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली के अनुसार निर्णय लिया जायेगा।

अधिशासी अभियन्ता,
हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण
हरिद्वार।

# तकनीकी निविदा प्रपत्र

| क0सं0 | तकनीकी दस्तावेज का विवरण | पृष्ठ कमांक/विवरण |
|---|---|---|
| 1. | फर्म/ठेकेदार के पास बोर्ड ऑफ कन्ट्रोल फार क्रिकेट इन इण्डिया (बी0सी0सी0आई0) द्वारा मान्यता प्राप्त खेल मैदानों के निर्माण/विकास/पुनरोद्धार कार्यानुभव प्रस्तुत / संलग्न । | |
| 2. | कार्यानुभव के अन्तर्गत निविदा लागत के 80 प्रतिशत की धनराशि (जी0एस0टी0 सहित) का कम से कम एक कार्य का अनुबन्ध अथवा निविदा लागत के 50-50 प्रतिशत धनराशि के दो कार्य अनुबन्ध अथवा 40-40 प्रतिशत से अधिक धनराशि के तीन कार्य अनुबन्धों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया हो, जिनका Work Done Completion Certificate प्रस्तुत/संलग्न । | |
| 3. | प्रस्तुत/संलग्न किये जाने वाले कार्यानुभव क्रिकेट मैदानों का विवरण बी0सी0सी0आई0 प्रमाणित सूची में उल्लिखित होना अनिवार्य है। | |
| 4. | क्रिकेट पिच से सम्बन्धित कार्यों हेतु बी0सी0सी0आई0 प्रशिक्षित पिच क्यूरेटर के साथ उत्तराखण्ड राज्य के स्टाम्प प्रपत्र रू0-10/- पर अनुबन्ध पत्र प्रस्तुत करना होगा। | |
| 5. | पैन कार्ड तथा जी0एस0टी0 पंजीकरण की प्रति प्रस्तुत/संलग्न करना होगा। | |
| 6. | फर्म/ठेकेदार द्वारा ब्लैक लिस्टेड न होने का शपथ पत्र के साथ-साथ अपलोड/जमा किये जा रहे दस्तावेजों का सत्यापन संबंधी शपथ पत्र रू0-100.00 के स्टाम्प पेपर पर देना होगा। | |
| 7. | निविदादाताओं द्वारा निविदा मूल्य रू0-3,070.00 का डिमाण्ड ड्राफ्ट (डी0डी0) अधिशासी अभियन्ता, हरिद्वार-रूड़की विकास प्राधिकरण के पक्ष में (NON REFUNDABLE) तथा धरोहर राशि रू0-1,05,000.00 (डिमाण्ड ड्राफ्ट / एफ0डी0आर0/बैंकर्स चेक/बैंक गारण्टी) अधिशासी अभियन्ता, ह0रू0वि0प्रा0 के पक्ष में हो, जिसकी वैधता निविदा की अंतिम वैध अवधि के पश्चात की होनी चाहिये, जिसमें समयावृद्धि की जा सकती है। | |
| 8. | वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 का आयकर विवरण प्रस्तुत/संलग्न । | |
| 9. | निविदा की वैधता 90 दिनों (03 माह) तक मान्य हेतु फर्म/ठेकेदार को उत्तराखण्ड राज्य के रू0-100.00 के स्टाम्प प्रपत्र पर उल्लिखित करते हुए प्रस्तुत करना होगा। | |
| 10. | निविदादाता को सी0ए0 द्वारा सत्यापित पिछले 03 वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 का टर्नओवर पृथक शीट में संलग्न करना होगा। उक्त तीनों वर्षों का औसत टर्नओवर निविदा लागत के 100 प्रतिशत के बराबर/अधिक होना चाहिये। | |
| 11. | फर्म/ठेकेदार का विवरण, जैसेः-नाम, पता, निविदा आई0डी0 कमांक, ई-मेल आई0डी व व्हाट्सएप नं0 स्पष्ट रूप से लेटर हेड पर प्रस्तुत / संलग्न। | |

फर्म/ठेकदार के हस्ताक्षर/मोहर

अधिशासी अभियन्ता
हरिद्वार-रूड़की विकास प्राधिकरण,
हरिद्वार